**Swami Atmanand Government English Medium Model College, Bilaspur (C.G.) 495001**

**स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलसापुर (छ.ग.) 495001**

**Address: - Old High Court Building, Bilaspur (C.G.), website:– sagemmcbsp.in, E-mail:– sagmmc.bsp@gmail.com**

## स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की मनी जयंती



बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जयंती यथा जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्रों ने भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो.यूके श्रीवास्तव ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की भी जानकारी साझा की गई। छात्रों को उनकी विरासत के बारे में जानने का अवसर मिला। प्राचार्य ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण को याद किया। प्रो. डा.राजकुमार सचदेव और प्रोफेसर सिद्धांत ने छात्रों को उनकी जीवनगाथा परिचित कराते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रेस विज्ञप्ति –01

Bilaspur, Date – 15.11.2025

**-// प्रतिवेदन //-**

विषयः स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में भगवान बीरसा मुंडा जयंती पर विशेष आयोजन।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में भगवान बीरसा मुंडा जयंती यथा जनजातिय गौरव दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्रों ने भाग लिया और भगवान बीरसा मुंडा के जीवन और उनके आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.यू.के. श्रीवास्तव एवं प्राध्यापकों के द्वारा भगवान बीरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को भी एवं जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम से छात्रों को उनकी विरासत के बारे में जानने का अवसर मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में भगवान बीरसा मुंडा के आदर्शों और उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण को याद किया और छात्रों से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के सभी सदस्यों एवं छात्राओं ने भगवान बीरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम के दौरान लिया गया छायाचित्र प्रेस विज्ञप्ति –01